दिन–गुरुवार दिनांक– 30 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने प्रखंडों में खुलने वाले डिग्री कॉलेजों में नौ हजार एक सौ बावन नए पदों पर नियुक्ति को मंजूरी दी।

03. कोसी और गंडक परियोजनाओं के प्रभावी संचालन को लेकर भारत और नेपाल की संयुक्त समिति की ग्यारहवीं बैठक आज से काठमांडू में शुरू हो रही है।

04. और, काल वैशाखी के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश। आम, लीची और मूंग की फसल को भारी नुकसान।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित होने वाली बैठक में सभी डीएम और एसपी भौतिक रूप से उपस्थित रहेंगे जबकि सभी प्रमंडलीय आयुक्त, क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उप महानिरीक्षकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यशाला में शामिल होने का निर्देश है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैठक में अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग सुधार और जिलावार प्रदर्शन की गहन समीक्षा की जायेगी।

———————————————————

प्रदेश के दो सौ आठ प्रखंडों में खुलने वाले डिग्री कॉलेजों में नौ हजार एक सौ बावन नए पदों पर नियुक्ति होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि प्रत्येक महाविद्यालय में चौवालीस–चौवालीस पद सृजित किए गए हैं।

———साउंड बाईट———

संवाददाता सम्मेम में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि मंत्रिमंडल ने पचास करोड़ रूपये तक के सरकारी टेंडर, केवल बिहार के लोगों को ही देने का फैसला किया है।

———साउंड बाईट———

अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान करने के लिए तेईस हजार एक सौ पैंसठ करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।

श्री चौधरी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जनभागीदारी से राज्य की कानून व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए बिहार लोक सुरक्षा प्रवर्तन नियमावली दो हजार छब्बीस को स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत राज्य के निजी प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी भी निगरानी प्रणाली से जुड़ेंगे।

———साउंड बाईट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान का नाम बदलकर पटना जू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुये पटना के गर्दनीबाग में मल्टिस्पेशिलिटी अस्पताल के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी है। कैबिनेट ने कुल तिरेसठ प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

———————————————————————————

कोसी और गंडक परियोजनाओं के प्रभावी संचालन को लेकर भारत और नेपाल की संयुक्त समिति की ग्यारहवीं बैठक आज से काठमांडू में शुरू हो रही है। यह बैठक कल तक चलेगी। साथ ही दोनों देशों से होकर बहने वाली नदियों में बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर दो मई को संयुक्त बैठक होगी। इस बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

———————————————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग ने दानापुर नगर परिषद की मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी को अयोग्य घोषित कर दिया है। उनपर नामांकन के दौरान गलत ब्योरा देने का आरोप है। वहीं, भ्रष्टाचार के एक मामले में न्यायालय की ओर से सजा सुनाए जाने पर आयोग ने मसौढ़ी नगर परिषद के वार्ड संख्या ग्यारह के पार्षद शंभू कुमार की सदस्यता को रद्द कर दिया है। आयोग ने भोजपुर जिले के बिहिया नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सचिन कुमार गुप्ता और भभुआ नगर परिषद के मुख्य पार्षद विकास कुमार तिवारी को भी अलग–अलग कारणों से अयोग्य घोषित कर दिया है।

———————————————————————————

हड़ताल पर चले रहे पंचायत सचिवों और सरकार के बीच वार्ता असफल हो गयी है। पंचायती राज निदेशक नवीन कुमार सिंह के साथ पंचायत सचिवों के प्रतिनिधियों की वार्ता में सरकार पांच में से चार मांगों पर सहमत हो गयी। हालांकि

अंतर जिला तबादले पर सहमति नहीं होने के कारण पंचायत सचिवों ने हड़ताल जारी रखने का फैसला किया है।

———————————————————————

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदेश में बारह लाख राशनकार्डधारी परिवारों के नाम सूची से काट दिये गये हैं। जांच में अयोग्य पाये जाने पर इनके नाम सूची से हटाये गये हैं। केन्द्र सरकार ने सत्तावन लाख राशनकार्डधारी परिवारों का नाम संदिग्धों की सूची में डाला था। इसकी जांच के बाद ये कार्रवाई की गयी है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आने वाले दिनों में और अठारह लाख अपात्र लाभुक परिवारों के नाम सूची से बाहर किये जायेंगे।

———————————————————————

प्रदेश के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में एक हजार दो सौ उनतालीस शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग कालेजों में नौ सौ छियासठ शिक्षकों की जबकि पॉलिटेक्निक कालेजों में दो सौ तिहत्तर शिक्षकों की नियुक्ति की अधियाचना बीपीएससी को भेजी गई है। इन पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाएगी।

———————————————————————

बिहार लोकभवन ने विश्वविद्यालयों में प्रभारी कुलपतियों द्वारा नीतिगत फैसला लेने पर रोक लगा दी है। लोकभवन ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है कि कार्यवाहक या अस्थायी रूप से नियुक्त कुलपति नीतिगत निर्णय नहीं लेंगे। वे केवल रोजमर्रा के प्रशासनिक काम का ही निर्वहन करेंगे। यदि विश्वविद्यालय हित में कोई निर्णय अपरिहार्य हो तो कुलाधिपति की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

———————————————————————

काल वैशाखी के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। कई जगहों पर ओलावृष्टि की भी खबर है। आंधी–बारिश के चलते कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खम्भे उखड़ गये। हमारे संवददाता ने बताया कि पटना, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, सीतामढ़ी और कटिहार समेत कई जिलों में घंटों तक बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रही। रेल और हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। बारिश के चलते आम और लीची की फसल को भारी नुकसान हुआ है। साथ ही मूंग की फसल की भी क्षति हुई है। इस बीच, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज भी पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर, पूर्णिया, बेगूसराय, अररिया, किशनंगज और कटिहार समेत पच्चीस जिलों में बारिश और

ओलावृष्टि की आशंका है। विभाग के अनुसार प्रदेश में चार मई तक बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी।

————————————————————————

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में भीषण गर्मी और लू के आसार को देखते हुए राज्य के सरकारी अस्पतालों में तीन हजार बेड लू प्रभावितों के लिए आरक्षित किये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव लोकेश कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पतालों तक बेड आरक्षित किए गए हैं। पीएचसी में चार जबकि अनुमंडलीय, रेफरल और जिला अस्पतालों में पांच–पांच बेड लू प्रभावित मरीजों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

————————————————————————

पूर्व मंत्री रामेश्वर पासवान का कल पटना में निधन हो गया। वे नब्बे वर्ष के थे। रामेश्वर पासवान सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र का सात बार प्रतिनिधित्व कर चुके थे। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

————————————————————————

अपहरण और फिरौती से जुड़े मामले में जमुई पुलिस द्वारा गिरफ्तार उत्पाद एंव नवादा मद्य निषेध विभाग के दो सहायक अवर निरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित किये गये अधिकारियों में एएसआई सुजीत कुमार और दिलीप कुमार शामिल हैं। ये दोनों नवादा के पकरीबरावां थाने में पदस्थापित थे।

————————————————————————

पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र के रुपस कॉलोनी स्थित एक गोदाम में औषधि विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक करोड़ पच्चीस लाख रुपए की प्रतिबंधित दवा जब्त की है। औषधि निरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि जब्त की गयी प्रतिबंधित दवाओं का नशे के रूप में उपयोग किया जाता है। वहीं, इसी थाना क्षेत्र के छोटी पहाड़ी मोड़ के पास उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम ने एक डाक पार्सल पिकअप वैन से एक सौ तिरानवे कार्टन शराब के साथ चालक को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र के फुचटी कला गांव में एक तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई।

————————————————————————

कैमूर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र स्थित रमकरपुर पुल पर एक चारपहिया वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। मृतक बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के देवहड़िया गांव के रहने वाले थे।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के रीगा थाना क्षेत्र की पुलिस ने मुन्ना मिश्रा हत्याकांड के मुख्य आरोपी आकाश साह को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। वहीं, कल खेले गये मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल आज के सभी समाचार पत्रों की प्रमुख सुर्खी है।

हिंदुस्तान लिखता है–बंगाल में कड़ा मुकाबला, तमिलनाडु–असम में दोहराव के आसार।

प्रभात खबर ने लिखा है– एग्जिट पोल का दावा– पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा, असम में हैट्रिक और पुडुचेरी में वापसी।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– ईओ की हत्या के बारह घंटे के अंदर आरोपित रामधनी ढेर।

दैनिक भास्कर ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसलों को तरजीह देते हुए लिखा है– पचास करोड़ तक का टेंडर अब केवल बिहारी को ही मिलेगा।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– आंधी–बारिश ने दिलाई भीषण गर्मी से राहत।

आज अखबार लिखता है– कार्यकारी कुलपतियों के नीतिगत निर्णय पर रोक।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने प्रखंडों में खुलने वाले डिग्री कॉलेजों में नौ हजार एक सौ बावन नए पदों पर नियुक्ति को मंजूरी दी।

03. कोसी और गंडक परियोजनाओं के प्रभावी संचालन को लेकर भारत और नेपाल की संयुक्त समिति की ग्यारहवीं बैठक आज से काठमांडू में शुरू हो रही है।

04. और, काल वैशाखी के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश। आम, लीची और मूंग की फसल को भारी नुकसान।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।